# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 10.11.2025 समय : 18.30 पीएम

- **अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये कल मतदान होगा– संवेदनशील और क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ते की तैनाती।**
- **सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शहरी सहकारी बैंकों को युवाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए आगे आने को कहा।**
- **राज्य में आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना में 210 गांवों का चयन–पारम्परिक चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहित किया जायेगा–**
- **प्रदेश में सर्द हवाओं के असर से ज्यादातर जगह न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे दर्ज।**

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये कल मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। इस विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 27 हज़ार से ज्यादा मतदाता हैं जिनके लिये 268 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। हमारे बारां संवाददाता ने बताया कि सामान्य मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता बन्दोवस्त किये गये हैं।

.......................

इस बीच राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन और जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व तोमर ने क्षेत्र के मतदाताओं से शत–प्रतिशत मतदान की अपील की है। मतदाता ईपिक के अलावा 12 अन्य फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर वोट डाल सकेंगे। मतदान सम्पन्न होने के बाद ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के बीच बारां के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पहुंचाया जायेगा। जहां 14 नवम्बर को मतगणना होगी। अंता उपचुनाव में भाजपा से मोरपाल सुमन, कांग्रेस से प्रमोद जैन भाया और निर्दलीय नरेश मीणा के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। साल 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा के कंवरलाल मीणा ने चुनाव जीता था। एक पुराने आपराधिक मामले में उन्हें दोषी करार दिये जाने पर इस साल मई महीने से उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त कर दी गई। इस कारण अंता में उपचुनाव कराए जा रहे हैं।

000

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि शहरी सहकारी बैंकों को महत्वाकांक्षी युवाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए आगे आना चाहिए। आज नई दिल्ली में शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन–सहकारी कुंभ 2025 का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने यह बात कही। श्री शाह ने कहा कि पांच वर्षों के भीतर दो लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक कस्बे में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सहकारिता से जोड़ने और सहकारी क्षेत्र के लिए पेशेवर तैयार करने के उद्देश्य से सरकार ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की है। इस अवसर पर, श्री शाह ने अमूल और इफको को अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन की विश्व रैंकिंग में शीर्ष दो स्थान हासिल करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इफको 93 लाख टन यूरिया और डीएपी का उत्पादन करके देश की हरित क्रांति का एक स्तंभ बन गया है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोहिमा में नागालैंड विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–3 के 22वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। श्री बिरला ने उद्घाटन भाषण में कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र, अपनी समृद्ध संस्कृति, विविधता और मज़बूत लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए जाना जाता है।

उन्होंने पूर्वोत्तर विधान सभाओं की एकता और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप नीतियाँ बनाने के लिए उनकी सराहना की।

000

राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में आज भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयपुर में सचिवालय में हुए मुख्य कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि वंदे मातरम् ने 150 वर्षों में भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और राष्ट्रवादी चेतना को प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने इस गीत की ऐतिहासिक महत्ता को जगाने के लिए राष्ट्रीय स्मृति पहल शुरू की है। इस दौरान सचिवालय परिसर में एक स्थान, एक समय, एक गीत थीम पर अधिकारियों–कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की शपथ ली। इसी कड़ी में, जयपुर में पशुपालन विभाग और पाली में जलदाय विभाग में राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ। झुंझुनूं में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि हमें यह आज़ादी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से मिली है, इसलिए हमारा दायित्व है कि हम सेवा, समर्पण और ईमानदारी की भावना से काम करें।

000

केन्द्र सरकार के आयुष मंत्रालय और राज्य सरकार द्वारा पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश में आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना शुरू की गई है। इसमें प्रदेश के 210 गांवों का चयन किया गया है। पहले चरण में भरतपुर और डीग जिले के 10 गांव को चुना गया है। जहां लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, रोगों की रोकथाम तथा गांव–गांव में जड़ी बूटी की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक गांव को 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता भी दी जा रही है।

000

पाली में आज पशुपालन और गौपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने दो नये शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं आमजन तक पहुंचाने के लिये तत्पर हैं। उन्होंने गलथनी के अणगौर में उपस्वास्थ्य केन्द्र के नये भवन का शिलान्यास किया। श्री कुमावत ने तखतगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में शहरी आवास योजनाक` 117 लाभार्थियों को 50–50 हज़ार रूपये के सहायता राशि चैक वितरित किये।

000

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। पाली जिले के सुमेरपुर में बीएलओ द्वारा लापरवाही की शिकायत मिलने पर उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की गई है। वहीं जिला कलेक्टर ने 4 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उधर श्रीगंगानगर में एसआईआर के कारण चुनाव कार्य से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी गई है। झुन्झुनू जिले में पुनरीक्षण के तहत अब तक 23 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण पूरा हो गया है।

000

प्रदेशभर में सड़क सुरक्षा के प्रति जन चेतना और वाहन चालकों की जागरूकता के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। भीलवाड़ा ज़िले में इस सिलसिले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी सुरक्षा के लिये अभियान शुरू किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि विशेष रूप से लेन अनुशासन पर ज़ोर दिया जा रहा है, जिसके तहत बड़े वाहनों जैसे ट्रक को राजमार्ग पर सबसे बाईं तरफ और छोटे वाहनों को बीच वाली लेन में चलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस पहल से राजमार्गों पर सुचारू यातायात सुनिश्चित होगा और दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी।

000

प्रदेश में पिछले दो वर्षों में विभिन्न योजनाओं के तहत 7 लाख 20 हजार से अधिक श्रमिकों को 804 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी गई है। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे श्रमिकों तक पहुँचाई गई है। राज्य सरकार श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा, छात्रवृत्ति, प्रोत्साहन राशि, महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता, और दुर्घटना और मौत पर 5 लाख रुपये तक की आर्थिक मदद दे रही है। इसके अलावा, औजार खरीदने के लिए टूलकिट सहायता और प्रशासनिक सेवाओं में सफलता पाने पर प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है।

000

प्रदेश में सर्द हवाओं के असर से न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे आ गया है। वहीं दस शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग ने कहा है कि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री नीचे चल रहा है। इस बीच आज सीकर के फतेहपुर में सबसे कगम 6 दशमलव 8 डिग्री और नागौर में 9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। विभाग ने 20 नवम्बर तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार बताये हैं। इस दौरान तापमान में भी 1 से 2 डिग्री गिरावट हो सकती है।

000